निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

12 आषाढ़ 1942 (श0)

(सं0 पटना 412) पटना, शुक्रवार, 3 जुलाई 2020

सं० 22 / विविध–01 / 2020–6316 / सा0प्र0

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचना

30 जून 2020

विषयः– भारत–चीन लद्दाख सीमा पर हुई झड़प में शहीद हुए बिहार निवासी जवानों के परिवार के एक सदस्य को बिहार सरकार के अधीन नियुक्त करने के संबंध में।

निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय के पत्रांक–886 दिनांक–19.06.2020 द्वारा भारत–चीन लद्दाख सीमा पर हुई झड़प में शहीद जवानों की सूची उपलब्ध कराई गई है, जो निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	न0, नाम एवं पदनाम	पता
1	4296728L सिपाही चंदन कुमार Sep Chandan Kumar 16 BIHAR/HQ 81 Mtn Bde	ग्राम–ज्ञानपुरा, पो0–कौरा, थाना–जगदीशपुर, जिला–भोजपुर।
2	4294713K सिपाही अमन कुमार Sep Aman Kumar 16 BIHAR/HQ 81 Mtn Bde	ग्राम+पोस्ट–सुल्तानपुर पूरब, थाना–मोहद्दीन नगर, जिला–समस्तीपुर।
3	4297756K सिपाही जय किषोर सिंह Sep Jay Kishor Singh 12 BIHAR/HQ 102 Inf Bde	ग्राम–चकफतह, पो0–कजारी बुजुर्ग, थाना–जन्दाहा, जिला–वैशाली।
4	4281978P हवलदार सुनील कुमार Hav Sunil Kumar 16 BIHAR/HQ 81 Mtn Bde	ग्राम+पोस्ट–तारा नगर, थाना–बिहटा, जिला–पटना।
5	4292067Y सिपाही कुंदन कुमार Sep Kundan Kumar 16 BIHAR/HQ 81 Mtn Bde	ग्राम+पोस्ट–आरन, थाना–बिहरा, जिला–सहरसा।

2. उपर्युक्त पत्र में शहीद जवानों के आश्रितों को नौकरी देने हेतु आवष्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

3. अतः वर्णित स्थिति में सम्यक् विचारोपरान्त उपर्युक्त शहीदों की शहादत के सम्मान एवं उनके परिवारजनों को राहत हेतु निम्नांकित प्रस्तावों की स्वीकृति दी जाती हैः–

(क) उपर्युक्त सभी पाँच शहीदों के परिवार के एक सदस्य को राज्य सरकार की सेवा में नियुक्ति प्रदान की जायेगी। नौकरी हेतु परिवार के योग्य सदस्य का चयन संबंधित जिला पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(ख) यह नियुक्ति शहीद के परिवार के चयनित सदस्य की शैक्षणिक योग्यता के अनुसार निम्नवर्गीय लिपिक (समूह–'ग') वेतन स्तर–2 अथवा परिचारी (समूह–'ग') वेतन स्तर–1 में की जायेगी।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभागों/विभागाध्यक्षों/प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/दरभंगा/तिरहुत/कोसी/जिला पदाधिकारी, भोजपुर/समस्तीपुर/वैशाली/ पटना/ सहरसा/निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/संबंधित उप कोषागार पदाधिकारी/शहीद सिपाही चन्दन कुमार के परिवार के सदस्य, ग्राम–ज्ञानपुरा, पो0–कौरा, थाना–जगदीशपुर, जिला–भोजपुर/शहीद सिपाही अमन कुमार के परिवार के सदस्य, ग्राम+पोस्ट–सुल्तानपुर पूरब, थाना–मोहद्दीन नगर, जिला–समस्तीपुर/शहीद सिपाही जय किशोर सिंह के परिवार के सदस्य, ग्राम–चकफतह, पो0–कजारी बुजुर्ग, थाना–जन्दाहा, जिला–वैशाली/शहीद हवलदार सुनील कुमार के परिवार के सदस्य, ग्राम+पोस्ट–तारा नगर, थाना–बिहटा, जिला–पटना/शहीद सिपाही कुंदन कुमार के परिवार के सदस्य, ग्राम+पोस्ट–आरन, थाना–बिहरा, जिला–सहरसा को भेजी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राम शंकर,
सरकार के संयुक्त सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 412-571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in